Schedule XLII-High Court No.(J) 9[Old(M)164]

FORM OF ORDER SHEET

# IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, KOSHI (SAHARSA)

**[Arbitration Case No.-244/2023]**

**Sitaram Mukhiya.......................................................Petitioner.**

**Versus**

**The State of Bihar ..........................................Opposite Parties.**

| Serial No. | Date of order of proceeding. | Order with signature of the court. | Office action taken with date |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |

**28.2.2026**

## आदेश

यह Arbitration वाद राष्ट्रीय राजमार्ग 107 (महेशखुट-सोनवर्षा राज-सहरसा-मधेपुरा-पूर्णिया) के चौड़ीकरण हेतु मधेपुरा जिलान्तर्गत मौजा-अधिसूचित क्षेत्र मुरलीगंज (वार्ड नं0-01) स्थित Petitioner के प्रश्नगत भूमि अर्जन की कार्रवाई में निर्धारित की गई मुआवजा राशि (Compensation Amount) के विरूद्ध National Highway Act, 1956 के धारा 3G(5) के अन्तर्गत दायर किया गया है।

पंचाट के अनुसार प्रश्नगत जमीन के भू-अर्जन की विवरणी निम्नानुसार है :-

| मौजा | खाता/ खेसरा | रकवा (ए0) | भूमि की प्रकृति | Date of 3A | Date of 3D | दर (प्रति एकड़) | कुल मुआवजा | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अधिसूचित क्षेत्र मुरलीगंज | 54/ 1375 | 0.38054 | कृषि | 17-6-2015 | 09-6-2016 | 14,77,500/- | 14,33,738/- | पंचाट सं0-76 |

दिनांक-13.2.2026 को उभय पक्ष के Final Argument को सुना। अभिलेख, वाद पत्र, DLAO, Madhepura (CALA) तथा PD, NHAI (PIU), Begusarai के विद्वान अधिवक्ता के जवाब तथा प्रश्नगत भूमि अर्जन से संबंधित कागजातों का अवलोकन किया।

Petitioner के विद्वान अधिवक्ता का कहना है कि उपरोक्त वर्णित परियोजना हेतु Petitioner की उपरोक्त वर्णित जमीन का अधिग्रहण किया गया। उनका कहना है कि प्रश्नगत अर्जित जमीन नगर पंचायत मुरलीगंज में अवस्थित है। तथा यह कि उक्त अर्जित भूमि के पूरब में पक्की सड़क है। उनका यह भी कहना है कि प्रश्नगत अर्जित भूमि के 100-200 मी. की परिधि में मुख्य सड़क के साथ-साथ घनी आबादी, पक्का मकान अवस्थित है। उनका कहना है कि प्रश्नगत अर्जित भूमि आवासीय श्रेणी की है। किन्तु भू-अर्जन कार्यालय, मधेपुरा के द्वारा अर्जित भूमि का किस्म कृषि दर्शाया गया है। जो सही नहीं है। उनका यह भी कहना है कि सक्षम प्राधिकार के समक्ष आपत्ति आवेदन समर्पित किया गया किंतु उनके स्तर से कोई यथोचित कार्रवाई नहीं की गयी। अतः तदनुसार Petitioner की ओर से प्रश्नगत अर्जित भूमि का किस्म व्यवसायिक/आवासीय निर्धारित करते हुए मुआवजा राशि (Compensation Amount) भुगतान करने का अनुरोध किया गया है।

विपक्षी जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, मधेपुरा के पत्रांक-158/भू.अ., दिनांक-27.6.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि NH Act-1956 के धारा 3A के तहत प्रकाशित अधिसूचना में Petitioner की भूमि का किस्म कृषि प्रकाशित किया गया था। जिस पर भू-धारी द्वारा कोई आपत्ति निर्धारित समय-सीमा के अन्दर दाखिल नहीं किया गया। तत्पश्चात NH Act-1956 के धारा 3D के तहत प्रकाशित अधिसूचना में Petitioner की भूमि का किस्म/प्रकृति 'कृषि' प्रकाशित किया गया है। छः सदस्यीय समिति द्वारा पत्रांक-509 दिनांक-18.10.2016 द्वारा भूमि का स्वरूप संबंधी प्रतिवेदन दिया गया। जिसमें कृषि भूमि को अविकसित श्रेणी का माना गया। उनका कहना है कि छः सदस्यीय समिति द्वारा प्रश्नगत अर्जनाधीन भूमि का किस्म निर्धारित किया गया है। एवं

**28.2.2026**

कागजातों के अवलोकनोपरांत यह स्थिति दृष्टिगत होता है कि प्रारंभिक अधिसूचना (3A) तथा अधिघोषणा (3D) में प्रश्नगत अर्जित भूमि की प्रकृति कृषि अंकित रहने के आधार पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, मधेपुरा (CALA) के स्तर से Petitioner के अर्जित भूमि का श्रेणी, Market Value तथा मुआवजा राशि का निर्धारण किया गया है। उभय पक्ष की सुनवाई एवं उपस्थापित कागजातों के आधार पर यह स्थापित हो रहा है कि जिला भू-अर्जन पदाधिकारी (CALA) के स्तर से संगत प्रावधानों के अनुसार अर्जित भूमि का श्रेणी एवं मुआवजा राशि निर्धारण की कार्रवाई की गई है। जो अभिलेख पर है। Petitioner की ओर से अपने वाद पत्र में अर्जित भूमि के व्यवसायिक/आवासीय उपभोग में रहने तथा वाद पत्र के कंडिका-10 में प्रश्नगत अर्जित भूमि के 100-200 मी. की परिधि में मुख्य सड़क के साथ-साथ घनी आबादी, पक्का मकान अवस्थित रहने का दावा अंकित किया गया है, किन्तु उनकी ओर से सुनवाई में उक्त दावे के प्रमाण स्वरूप कोई संगत साक्ष्य उपस्थापित नहीं किया जा सका है। सुनवाई में Petitioner की ओर से जिला भू-अर्जन पदाधिकारी (CALA) के स्तर से संगत अधिनियम, Rules तथा विभागीय अनुदेशों के अनुसार अर्जित भूमि के मुआवजा राशि का निर्धारण नहीं करने का अभिकथन उपस्थापित साक्ष्यों के आधार पर प्रमाणित नहीं किया जा सका है। Petitioner की ओर से अपने दावे के समर्थन में कोई संगत साक्ष्य उपस्थापित नहीं किया जा सका है। प्रश्नगत भू-अर्जन की कार्रवाई में सक्षम प्राधिकार के स्तर से कोई वैधानिक अथवा तथ्यात्मक त्रुटि स्थापित नहीं होता है।

अतः उपरोक्त अंकित Findings के आधार पर इस Arbitration वाद को खारिज किया जाता है। आदेश की प्रति सभी संबंधितों को भेजें।

उपरोक्त आदेश के साथ इस Arbitration वाद की Proceeding समाप्त की जाती है।

28/2/2026.
आयुक्त,
कोशी प्रमंडल, सहरसा।
-सह-Arbitrator

लेखापित एवं शुद्धित।

28/2/2026.
आयुक्त,
कोशी प्रमंडल, सहरसा।
-सह-Arbitrator